उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 21.10.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## “पुलिस स्मृति दिवस” के अवसर रिजर्व पुलिस लाइन महोबा में पुलिस के अमर शहीद जवानों को श्रद्धा-सुमन/पुष्प चक्र अर्पित करते हुए दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि--

“ देश की सेवा में शहीद हुए पुलिसकर्मियों की शहादत को सलाम...!! पुलिस स्मृति दिवस पर उन्हें हार्दिक श्रद्धांजलि ...।”

प्रत्येक वर्ष की भाँति आज दिनांक- 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर श्री प्रबल प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा द्वारा पुलिस लाइन में प्रतीकात्मक शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर कर्तव्यपथ पर अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले शहीद पुलिस कर्मियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी तथा सुसज्जित गार्द द्वारा शोक सलामी दी गयी, इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 एवं पुलिस महानिदेशक, उ०प्र०, लखनऊ के संदेश से सभी को अवगत कराते हुए विगत एक वर्ष में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए शहीद हुए पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को याद करते हुए उनकी शौर्य गाथा बताई गई व वीर जवानों की स्मृति में 02 मिनट का मौन धारण शोक संवेदना व्यक्त की गयी।

इस दौरान श्रीमती वन्दना सिंह- अपर पुलिस अधीक्षक, श्री अरुण कुमार सिंह- क्षेत्राधिकारी नगर, श्री दीपक दुबे- क्षेत्राधिकारी चरखारी, श्री शिवकुमार- प्रतिसार निरीक्षक सहित जनपदीय पुलिस के समस्त थाना प्रभारी, समस्त शाखा प्रभारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

**पुलिस स्मृति दिवसः-** 21 अक्टूबर 1959 का दिन था, लद्दाख के हॉट-स्प्रिंग के पास केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की पेट्रोलिंग पार्टी के तीन ऑफिसर्स को भारत-तिब्बत बॉर्डर पर चीनी सैनिकों ने अपनी हिरासत में ले लिया, अगले दिन जब उनकी तलाश में सीआरपीएफ की टीमें गई तो उन पर पहले से घात लगाकर बैठे चीनी सैनिकों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। सीआरपीएफ के जवानों ने भी उस हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया लेकिन उस अचानक हुए हमले में सीआरपीएफ के 10 जवान शहीद हो गए तथा सात अन्य जवान घायल हो गए, उसी दिन से उन 10 वीर सीआरपीएफ जवानों की शहादत को याद करते हुए प्रत्येक वर्ष संपूर्ण भारतवर्ष में 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 21.10.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

उत्तर प्रदेश पुलिस

## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर में मिशन शक्ति जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया–

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति फेज-5 के तहत आज दिनांक- 21.10.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा मुख्यालय महोबा अवस्थित सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर इण्टर कालेज महोबा में महिला सशक्तिकरण हेतु एक जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जागरुकता कार्यशाला के दौरान स्कूली छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण से ओतप्रोत कार्यक्रम जैसे- कोमल है, कमज़ोर नहीं तू...शक्ति का नाम ही "नारी" है जैसे गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मिशन शक्ति फेज-5.0 तहत आयोजित जागरुकता पाठशाला में नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन एवं नारी सशक्तिकरण हेतु उपस्थित स्कूली छात्राओं को महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी अधिकारों एवं महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जागरूक कर महिला सशक्तिकरण हेतु चलायी जा रही विभिन्न योजनाओ के संबंध में जानकारी दी गयी साथ ही किसी भी अप्रिय घटना के बारे में संदेह होने पर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया गया व गुड टच एवं बैड टच तथा उनके अधिकारों व महिला सम्बन्धी अपराध से बचाव हेतु उपायों के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। जागरुकता पम्पलेट का वितरण किया गया।

इस दौरान महिला थाना प्रभारी श्रीमती सुषमा चौधरी, स्कूली प्रिन्सिपल श्रीमती अर्चना वर्मा सहित स्कली के शिक्षक, कोतवाली महोबा एवं महिला थाना मिशन शक्ति टीम सहित स्कूली छात्राएं मौजूद रही।












## मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण हेतु विशेष जागरूकता कार्यक्रम-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक 21.10.2025 को जनपद महोबा के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये।

इस कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को महिला संबंधित समस्याओं/अपराधों के निस्तारण के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी प्रदान की गई, जिनमें शामिल हैं:

वूमेन पॉवर लाइन – 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा – 112

एम्बुलेंस सेवा – 108, चाइल्ड लाइन – 1098, स्वास्थ्य सेवा – 102

महिला हेल्पलाइन – 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन – 1076, साइबर हेल्पलाइन – 1930

कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध और अन्य कानूनी प्रावधानों के बारे में समझाया गया। इसके अतिरिक्त शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट वितरित किए गए।

इस अवसर पर थानों में नवस्थापित मिशन शक्ति केन्द्रों की भूमिका और उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। मिशन शक्ति केन्द्रों का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं के सुरक्षा, मार्गदर्शन और सशक्तिकरण में सहयोग प्रदान करना है।

यह कार्यक्रम मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण, सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।







